

# भोपाल की बेटियां बनीं चैंपियन

## सीनियर विमेंस ट्रॉफी : इंदौर को 25 रन से हराया

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 25 अप्रैल. इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए सीनियर विमेंस जे. एस. आनंद ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भोपाल डिवीजन ने इंदौर डिवीजन को 25 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया.**

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भोपाल डिवीजन ने 177 रन बनाए. टीम की ओर से ख़ुशी यादव ने 49 रन की नाबाद पारी खेली, वहीं सौम्या तिवारी ने 45 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. इंदौर की गेंदबाज़ों ने कोशिश जरूर की, लेकिन रन रोकने में ज्यादा सफल नहीं रहीं.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर डिवीजन की टीम 152 रन पर सिमट गई. प्रियंका कौशल ने 56 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, जबकि वैष्णवी व्यास ने 24 रन का योगदान दिया, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ लंबी पारी नहीं खेल सकीं.

भोपाल की ओर से तनिष्का सेन ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया. उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. कोच ने भी कहा, 'लड़कियों ने दबाव में भी धैर्य बनाए रखा, उसी का नतीजा आज जीत के रूप में सामने आया.'

# चक्र में छिपा प्राचीन ज्ञान का रहस्य

## राज्य संग्रहालय में सुरक्षित है 11 वीं सदी का 'दिकमंडल' चक्र



**साक्षी केसरवानी, नवभारत**

**भोपाल, 25 अप्रैल.** राज्य संग्रहालय भोपाल में सुरक्षित 11वीं शताब्दी का प्राचीन चक्र 'दिकमंडल' केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि ऐसा साक्ष्य है, जो पुराणों में वर्णित ब्रह्मांड और आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के बीच सीधा संबंध स्थापित करता दिखता है. पुरातत्व विशेषज्ञ बीके लोखंडे बताते हैं कि इस चक्र में ब्रह्मांड की संरचना को बेहद व्यवस्थित तरीके से उकेरा गया है. सूर्य को केंद्र में रखकर चारों दिशाएं और अष्टवसु के रूप में आठों दिशाओं का चित्रण किया गया है. यह संरचना आधुनिक खगोल विज्ञान के उस सिद्धांत से मेल खाती है जिसमें सौर मंडल को केंद्र मानकर संतुलन की अवधारणा समझाई जाती है. उनका कहना है कि यदि चक्र के प्रतीकों और भाषा को पूरी तरह समझ लिया जाए तो यह प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच छिपे रहस्य को उजागर कर सकता है.

### सप्तर्षि-राशि चक्र का चित्रण

विशेषज्ञ लोखंडे बताते हैं कि चक्र में सप्तर्षि मंडल को सात तारों के रूप में उकेरा है. मेष से मीन तक बारह राशियों का क्रम भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है. यह वही राशि चक्र है जिसे आज भी खगोल विज्ञान में अध्ययन किया जाता है. चक्र में 27 नक्षत्रों को स्त्री रूप में दर्शाया है. हर सात नक्षत्रों के बाद एक संरक्षक शक्ति का चित्रण है. इस 'दिकमंडल' में वर्ष के तीन प्रमुख ऋतु चक्र का भी संकेत मिलता है. ग्रीष्म के लिए सूर्य और शीत के लिए चंद्र को संरक्षक रूप में दिखाया गया है. यह दर्शाता है कि प्राचीन समय में मौसम और जीवन के संबंध को गहराई से समझा गया था. यह चक्र किसी साधारण आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि एक तरह का 'कॉस्मिक मैप' है. विशेषज्ञ लोखंडे ने बताया कि हजारों साल पहले हमारे पूर्वज ब्रह्मांड की जटिलताओं को समझने की दिशा में कितने आगे थे.

## एक नजर में



### महानगर भोजपुरी समाज ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

**भोपाल, 25 अप्रैल.** भोजपुरी के पुनर्स्थापना हेतु महानगर भोजपुरी समाज भोपाल द्वारा संकल्पित चाय पर सार्थक परिचर्चा का कार्यक्रम संगठन के अध्यक्ष एवं महामंत्री की अनुपस्थिति में भी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में बरखेड़ी खुर्द भदभदा रोड, भोपाल में संपन्न हुई. इसमें भोजपुरी समाज के गणमान्य लोगों ने अपनी मातृ बोली (भोजपुरी) में अपने-अपने सार्थक एवं सकारात्मक विचार रखे. भोजपुरी समाज के गणमान्य लोगों ने संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह की 53 वैवाहिक वर्षगांठ के पूर्व संध्या पर उन्हें अंग वस्त्र तथा पुष्प कुछ देकर अग्रिम शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष रमेश यादव द्वारा किया गया. उक्त सार्थक परिचर्चा में मुख्य रूप से संगठन के संरक्षक सूर्यनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, भोजपुरी समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सिंह राजपूत, श्रीनाथ तिवारी, राम विलास यादव, छटटू लाल चौधरी, रामाशीष यादव, प्रेम सागर तिवारी सहित भोजपुरी समाज के अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित रहें.

### आज पं. याज्ञिक देंगे सुंदरकांड की प्रस्तुति

**भोपाल, 25 अप्रैल.** श्री बाबूलाल भगवती सोनी ट्रस्ट द्वारा रविवार 26 अप्रैल को रवीन्द्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित राम भक्ति के संगीतमय अनुष्ठान में मानस मर्मज्ञ पं. अजय याज्ञिक सुंदरकांड की प्रस्तुति देंगे. ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप सोनी एवं सचिव प्रमोद नेमा ने बताया ट्रस्ट का यह 18वां अनुष्ठान है. कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं का चंदन के तिलक से स्वागत कर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की पुस्तिका तथा पीने के पानी की एक बोतल निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी. कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न मठों के संत- महंत मंच विराजमान रहेंगे.

### संभावना गतिविधि में नृत्य, गायन की प्रस्तुति आज

**भोपाल.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' गतिविधि में रविवार को आदित्य नारायण परसाई, नर्मदापुरम द्वारा भक्ति गायन, रीता तिवारी, रीवा द्वारा बघेली गायन, रामबाई धुर्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा-सैला नृत्य, अनुजा जोशी एवं साथी, खंडवा द्वारा गणगौर नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी. मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय् में हर रविवार को दोपहर 2 बजे से होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा.





### छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने 'यूथ फन फेस्ट'

**भोपाल, 25 अप्रैल.** राजधानी भोपाल में 'यूथ फन फेस्ट' के तहत एक ग्रूमिंग और टैलेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 11-12 की छात्राओं ने भाग लिया. यह आयोजन आकृति द्वारा किया गया. उन्होंने बताया कि इस पहल का मकसद नई पीढ़ी को अवसर देना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है. प्रतियोगिता को चार चरणों में विभाजित किया गया था. ट्रेडिशनल राउंड, टैलेंट राउंड, वेस्टर्न राउंड और फाइनल प्रश्नोत्तर राउंड .प्रतिभागियों को प्रोफेशनल ग्रूमिंग, रैम्प वॉक ट्रेनिंग, मेकअप और स्टाइलिंग की जानकारी, फोटोशूट और स्टेज एक्सपोजर जैसी सुविधाएं दी गईं. कई प्रतिभागियों ने इसे अपने भविष्य के करियर, खासकर मॉडलिंग और एक्टिंग के लिए चुना. 17 वर्षीय प्रतिभागी अक्षिता ने बताया कि इस मंच ने उन्हें खुद को लोगों के सामने प्रस्तुत करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मौका दिया. उन्हें प्रेजेंटेशन और कैटवॉक जैसी नई चीजें सीखने को मिलीं.

# छात्रों के स्वास्थ्य को लेकर वीआईटी सतर्क

## विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्थगित की प्रथम वर्ष की परीक्षाएं

**भोपाल, 25 अप्रैल. वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और समग्र कल्याण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए परिसर में स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखा है. हाल के दिनों में मौसम में अचानक बढ़ी गर्मी, स्थानीय मौसमी परिस्थितियों और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने एहतियातन प्रथम वर्ष के छात्रों की चल रही परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया, ताकि किसी भी संभावित स्वास्थ्य जोखिम से बचाव किया जा सके.**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी की जाती है और किसी भी छात्र को अस्वस्थ महसूस होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाता है. आवश्यकता पड़ने पर छात्रों को तुरंत अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में रेफर किया जाता है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकीय देखरेख सुनिश्चित की जाती है. विश्वविद्यालय ने अपील की है कि किसी भी सूचना को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य की जाए, ताकि अनावश्यक भ्रम और चिंता की स्थिति उत्पन्न न हो. संस्थान ने दोहराया कि छात्रों के हित, सुरक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखना ही उसकी सर्वोच्च प्रतिबद्धता है. वीआईटी भोपाल एक सुरक्षित, स्वस्थ और सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्यरत है.

> संस्थान के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, 22 अप्रैल तक पिछले दस दिनों में आठ छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिन्हें समुचित उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया. इसके अतिरिक्त गुरुवार 23 अप्रैल को दो छात्रों, शुक्रवार 24 अप्रैल को एक छात्र तथा शनिवार 25 अप्रैल को दो छात्रों को चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया था, जिन्हें बाद में छुट्टी दे दी गई. ये सभी मामले मौसमी बीमारियों, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित थे. वीआईटी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ माध्यमों में प्रसारित किए जा रहे आंकड़े और दावे संस्थान के आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते तथा तथ्यों पर आधारित नहीं हैं.



### 14 दूल्हों की एक साथ निकली बारात

**भोपाल, 25 अप्रैल.** कुचबंदिया विमुक्त घमन्तु जनजाति उत्थान समिति द्वारा शनिवार को आयोजित नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 14 दूल्हों की बारात रेलवे कॉलोनी से प्लेटफार्म नंबर 1 रेलवे ग्राउंड पर पहुंची, जहां पर सभी वर-वधु परिणय सूत्र में बंधे.

# स्टूडेंट्स काउंसिल कैबिनेट का गठन

## कैम्पियन स्कूल में विद्यार्थियों को दिलाई अनुशासन की शपथ

**भोपाल, 25 अप्रैल. विद्यार्थियों को जिम्मेदारी और अनुशासन का अहसास कराने के उद्देश्य से कैम्पियन स्कूल भोपाल में प्राइमरी के विद्यार्थियों की काउंसिल कैबिनेट का गठन कर उन्हें शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैम्पियन स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. फादर अथनस लकड़ा एसजे के साथ हेडमिस्टेस सिस्टर रेनिशा, दीपशिखा और सिस्टर जसिंता उपस्थित थीं.**

कैबिनेट की स्थापना राईज टू लीड थीम पर आयोजित की गई थी. कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया. पूरी कैबिनेट कदमताल करते हुए मंच पर पहुँची. प्राचार्य फादर ने शपथ दिलाई, हेड बॉय मास्टर हाफी खान, असिस्टेंट हेड गर्ल मिस मरियम काज़ी तथा अशोका, गांधी, टैगोर और नेहरू सदनों के चारों हाऊस कैप्टन और असिस्टेंट हाऊस कैप्टन ने अपनी सभी जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली.



# अरेरा अकादमी को हराकर रेलवे यूथ फाइनल में पहुंची

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल 25 अप्रैल. 'प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट' के पहले सेमीफाइनल में रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी ने अरेरा क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराकर फाइनल में किया.**

अरेरा अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए. टीम की ओर से युवराज ठाकुर ने 12 और सुधांशु ने 11 रन बनाये. रेलवे यूथ के गेंदबाज अर्नव की तेज रफ्तार गेंदबाजी ने 4 विकेट लेकर विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोक दिया व 'मैन ऑफ द मैच' का ख़िताब हासिल किया. जवाब में रेलवे यूथ ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया. युवराज बुंदेला और आदित्य ने 22-22 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई. मैच के बाद कोच ने बताया कि खिलाड़ियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी गई थी, जिसका असर प्रदर्शन में दिखा. उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने खिलाड़ियों को मुकाबले से पहले आधे घंटे अपनी डायरी के साथ समय बिताने की सलाह देते है, जिसमें वे अपने लक्ष्य लिखते हैं, जिससे उनका कंसेन्ट्रेशन बढ़ता है.

**कॉन्फ्रेंस** | बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन का शुभारंभ, पेट-लिवर की बीमारियों पर मंथन

# पेट के इंफेक्शन से हो सकती है गंभीर बीमारी



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 25 अप्रैल. शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस 'बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन' का शुभारम्भ हुआ. दो दिनी कॉन्फ्रेंस में देश के 80 विशेषज्ञ डॉक्टर जुटे.**

कॉन्फ्रेंस के पहले दिन विशेषज्ञों ने बताया कि संक्रमण अब केवल बीमारी नहीं, बल्कि एक चुनौती बन चुका है, जिससे निपटने डॉक्टरों का अपडेट रहना जरूरी है. दवाओं के अंधाधुंध और गलत इस्तेमाल से शरीर में मौजूद बैक्टीरिया अब दवाओं के प्रति रवैया बदलते जा रहे है. डॉ. चालापथि राव आचार्य, डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि संक्रमण के लक्षण और सूजन में अंतर होता है, जिसे पहचानना सटीक इलाज के लिए अनिवार्य है. वहीं साधारण लगने वाला पेट का इंफेक्शन लिवर की गंभीर बीमारी या आंतों की टीबी का रूप भी ले सकता है. डॉ. विशु जैन ने एब्डॉमिनल टीबी यानी पेट की टीबी के खतरनाक रूपों पर विस्तार से बात की उन्होंने बताया कि भारत में समय पर पहचान न होने के कारण पेट की टीबी जानलेवा साबित हो रही है.

> कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान बहुत तेजी से बदल रहा है. जब एक डॉक्टर सीखना बंद कर देता है तो समझो मरीज का इलाज रुक गया. कॉन्फ्रेंस का मकसद मरीजों तक आधुनिक, सुरक्षित उपचार पहुंचाना है. डॉ पीयूष रंजन, डॉ बी एम लोया, डॉ अनिल कपूर, डॉ अदनान एराज खान ने लिवर एब्सेस यानी लिवर में मवाद पड़ने की समस्या पर विस्तार से चर्चा की. डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. डीएस बहरानी ने हेपेटाइटिस के बदलते स्वरूप और नई थेरेपी के बारे में जानकारी दी.


## डिस्प्ले क्लासिफाइड

SNEHA HOMOEO CLINIC – Decode Disease. Restore Health
स्नेहा होमियो क्लिनिक
सुरक्षित • प्राकृतिक • प्रभावी • स्थायी राहत
प्राकृतिक उपचार जो वास्तव में काम करता है
न ऑपरेशन न साइड इफेक्ट
पूर्णत: प्राकृतिक उपचार
प्रभावी उपचार साइटिका, आर्थ्राइटिस और पाइल्स के लिए
साइटिका • आर्थराइटिस • पाइल्स
दर्द, तकलीफ और परेशानी को कहें अलविदा
साइटिका: कमर के निचले भाग के दर्द से राहत; पैर में दर्द, सुन्नपन, झनझनाहट और जकड़न से राहत; चलने-फिरने की क्षमता में सुधार; बिना ऑपरेशन, सुरक्षित और प्रभावी उपचार
आर्थराइटिस: जोड़ों के दर्द, सूजन और जकड़न से राहत; चलने-फिरने में लचीलापन और सुधार; सूजन और जलन को कम करता है; जीवन की गुणवत्ता में सुधार
पाइल्स: खून आना, दर्द, जलन, सूजन और खुजली से राहत; अंदरूनी और बाहरी दोनों पाइल्स का उपचार; न ऑपरेशन, न साइड इफेक्ट; पूर्णत: प्राकृतिक और स्थायी इलाज
10% की छूट सभी दवाओं पर
100% सुरक्षित और प्राकृतिक उपचार | न ऑपरेशन न साइड इफेक्ट | स्थायी राहत और जड़ से समाधान | हर उम्र के लोगों के लिए सुरक्षिता
विश्वसनीय देखभाल प्राकृतिक उपचार स्वस्थ भविष्य
2 ओल्ड अशोका गार्डन, नियर सिल्वर इन होटल, भोपाल
8871242407
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
होम्योपैथी चुनें, स्वस्थ जीवन चुनें

VIVANT PHYSIOTHERAPY CLINIC & YOGA CLASSES
Are You Suffering From | Pain Free Existence
- Joint & Muscle Pain
- Shoulder Pain
- Leg Or Calf Pain
- Neck & Heel Pain
- Distrub Sleep Due To Back Pain
- Difficulty In Sitting Crossed Leg
- Soft Tissue Injury
- Pre & Post Pregnancy Excercises
- Hip & Knee Replacement Therapy
- Pre & Post Surgery Therapy
- Neurological Disorder
- All Type Of Paralysis
- Facial & Bell's Palsy
- Cerebral Palsy
- Delayed Milestone

HOME VISIT AVAILABLE
CONSULTANCY CONTACT: 9589779577
TIMING:- MORNING: 10AM TO 1PM, EVENING: 5PM TO 9PM, SUNDAY CLOSED
Add.- H.No.-11, Aryan Wings Colony, Near Hotel Abhinav Palace, Jatkhedi, Hoshangabad Road, Bhopal

आनंद हेल्थ केयर डेन्टल क्लिनिक
A STEP TOWARD HEALTHY SMILE
इस विज्ञापन की कटिंग लाने पर निशुल्क परामर्श
हमारी सेवाएँ
- मुंह से खून एवं दुर्गन्ध का इलाज
- रूप केनाल ट्रीटमेंट (Rct)
- दर्दरहित दाँत निकालना
- टेढ़े - मेढ़े दाँतों का इलाज
- फिक्स दाँत, इंप्लांट एवं बत्तीसी लगाना

डॉ सौरभ पटेल (BDS) वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ
20, सोम्या बिहार फेस - I, शाह किराना के पास अवधपुरी, भोपाल
मो. 9131654421, 9826183506